CCL

Fuelling Sustainable Growth

अंक : 607 वर्ष 45 रॉंची, अगस्त, 2024

# अपनी बात

## सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की मासिक पत्रिका



# सीसीएल में स्वतंत्रता दिवस हर्ष एवं उल्लास के साथ मनाया गया

## पूरे सीसीएल में 100 लाभुकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया

## सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह ने गांधीनगर में किया ध्वजारोहण



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडा को सलामी देते सीसीएल के सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह

विगत 15 अगस्त को सीसीएल मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में 78वाँ स्वतंत्रता दिवस धूम–धाम के साथ मनाया गया। सीसीएल के सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह ने सीसीएल गांधीनगर कॉलोनी स्थित महात्मा गांधी क्रीड़ांगन में ध्वजारोहण किया एवं सलामी दी। इस अवसर पर सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनीकी/संचालन) श्री हरीश दुहान, सीवीओ श्री पंकज कुमार सहित विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, श्रमिकसंघों के प्रतिनिधिगण एवं बड़ी संख्या में सीसीएल कर्मी उपस्थित थे। सीएमडी श्री सिंह ने अवसर विशेष पर सुरक्षा बलों एवं विद्यार्थियों के परेडों का निरीक्षण किया।

सीएमडी, सीसीएल श्री सिंह ने उपस्थित जनसमूह को सम्बोधित करते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ दी और वीर शहीदों के अतुल्य पराक्रम को नमन किया। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने कहा कि जब तक देश सामाजिक, आर्थिक एवं मानसिक रूप से स्वतंत्र है, तब तक यह देश अनवरत विकास एवं उन्नति के मार्ग पर प्रशस्त रहेगा। देश के प्रगति के लिए आगामी दिनों में ऊर्जा आवश्यकताओं में बढ़ोतरी होगी। फलस्वरूप कोयले से उत्सर्जित ऊर्जा की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इसी क्रम में सीसीएल निरंतर देश को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने सीसीएल टीम के प्रदर्शन पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि कंपनी ने विगत वर्ष के कोयला उत्पादन के लक्ष्य से ज्यादा सफलतापूर्वक हासिल किया है और वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी कंपनी अपने निर्धारित 100 मिलियन टन को अवश्य पूरा करेगा। श्री सिंह ने पर्यावरण संरक्षण को रेखांकित करते हुए कहा कि कंपनी द्वारा प्रत्येक वर्ष अपने कमान क्षेत्र और उसके आस–पास के क्षेत्रों में पौधारोपण किया जा रहा है। अब तक 5,300 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में 95 लाख से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं। एक नई पहल के रूप में, कंपनी ने रजरप्पा क्षेत्र में 2 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में मियावाकि प्लांटेशन किया है, जिससे बहुत फायदा हुआ है ।



स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर परेड का सलामी लेते सीसीएल के सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह

कंपनी द्वारा हितधारकों के स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल एवं रोजगार सहित समावेशी विकास एवं सामाजिक उत्थान हेतु अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। कंपनी द्वारा समय–समय पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करती है, जिससे लाखों लोग लाभान्वित होते हैं । समाज के गरीब, ग्रामीण के मेधावी बच्चों को 'सीसीएल के लाल' एवं 'सीसीएल की लाडली' योजना

के माध्यम से निःशुल्क आवासीय शिक्षा प्रदान की जा रही है। साथ ही विद्यार्थियों के पठन–पाठन में गुणात्मक सुधार हेतु राँची विश्वविद्यालय के परिसर में 5000 सीटों वाली पुस्तकालय का निर्माण किया जा रहा है। जेएसएसपीएस (सीसीएल एवं राज्य सरकार की संयुक्त पहल) में नवोदित खिलाड़ियों के खेल को निखारने के उद्देश्य से उन्हें विश्वस्तरीय प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

अवसर विशेष पर मुख्यालय सहित सभी क्षेत्रों में 100 लाभुकों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम के अंत में सीसीएल के सुरक्षा जवानों, सी आई एस एफ, एस आई एस एफ के जवानों, एन सी सी कैडेट्स एवं विभिन्न स्कूल के बच्चों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान डीएवी, गांधीनगर, केन्द्रीय विद्यालय एवं ज्ञानोदय स्कूल के विद्यार्थियों ने देश–भक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक प्रस्तुती दी, जिसे उपस्थित सभी ने खूब सराहा।

इस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण कंपनी के आधिकारिक यूट्यूब चैनेल से किया गया, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के कर्मी जुड़े रहे। कार्यक्रम के दौरान सीएमडी, निदेशकगण, सीवीओ एवं अन्य अतिथियों द्वारा तीन रंगों वाले गुब्बारें उड़ाकर किया गया।



स्वतंत्रता दिवस पर स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम की प्रस्तुति का एक दृश्य

इसके पूर्व निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने जे एस एस पी एस, दरभंगा हाउस परिसर एवं गांधीनगर अस्पताल में ध्वजारोहण किया एवं स्वतंत्रता दिवस की ढेर सारी शुभकामनाएँ दी।

# सर्वोच्च न्यायालय की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर सीसीएल के कुल 100 लाभुकों के बीच अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र का वितरण



सर्वोच्च न्यायालय की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर माननीय विधि एवं न्याय मंत्री श्री अर्जुन राम मेघवाल की गरीमामयी उपस्थिति में माननीय मुख्य न्यायाधीश श्री डी. वाई. चंद्रचूड़ द्वारा अनुकंपा के आधार पर नियुक्ति पत्र वितरण का एक दृश्य

भारत के सर्वोच्च न्यायालय की 75वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित विशेष लोक अदालत सप्ताह (29 जुलाई से 03 अगस्त, 2024) के दौरान विगत 03 अगस्त को भारत के माननीय मुख्य न्यायाधीश डॉ. डी.वाई. चंद्रचूड़ के कर कमलों द्वारा माननीय विधि एवं न्याय मंत्री, श्री अर्जुन राम मेघवाल की गरिमामयी उपस्थिति में कोल इंडिया के 10 महिलाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। इनमे सीसीएल की 2 महिलाएँ – श्रीमती नीतू कुमारी, बरका–सयाल क्षेत्र एवं श्रीमती संतोसिनी बिसाई, एनके क्षेत्र, शामिल थीं।

बताते चलें कि पूरे कोल इंडिया में 424 लाभुकों को अनुकम्पा के आधार पर नियुक्ति पत्र प्रदान किये गए, जिनमें सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के कुल 100 लाभुक शामिल थे। सीसीएल के क्षेत्रवार नियुक्ति पत्र वितरण का विवरण इस प्रकार है : रजरप्पा – 05, हजारीबाग – 13, कुजू – 08, अरगड़ा – 13, बरका–सयाल – 20, एनके – 07, पिपरवार – 05, ढोरी – 09, बीएंडके – 06, कथारा – 11, सीआरएस, बरकाकाना – 01, मगध–संघमित्रा – 01 एवं आम्रपाली–चन्द्रगुप्त – 01। नियुक्ति पत्र वितरण हेतु पूरे कोल इंडिया में विशेष कार्यक्रम आयोजित किये गए थे ।

इस अवसर पर कोयला मंत्रालय के अपर सचिव, श्रीमती रूपिंदर बरार, कोल इंडिया लि. के अध्यक्ष श्री पीएम प्रसाद, निदेशक (कार्मिक), श्री विनय रंजन के साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# अपर सचिव, कोयला मंत्रालय श्रीमती विस्मिता तेज ने की सीसीएल की समीक्षा




सीसीएल में समीक्षा बैठक करते अपर सचिव, कोयला मंत्रालय श्रीमती विस्मिता तेज एवं सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह

दिनांक 01 अगस्त को सीसीएल मुख्यालय, राँची में अपर सचिव, कोयला मंत्रालय श्रीमती विस्मिता तेज ने सीसीएल के कोयला प्रेषण की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। बैठक में सीसीएल के सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह, सीआईएल के निदेशक (मार्केटिंग) श्री मुकेश चौधरी, निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (तकनिकी/संचालन) श्री हरीश दुहान, रेलवे के सीनियर डीओएम, राँची डिवीजन श्रीमती श्रेया सिंह, सीनियर डीओएम, धनबाद डिवीजन श्री अंजय तिवारी एवं सीसीएल के अधिकारीगण मौजूद थे।

इस बैठक में कोयले की निर्बाध आपूर्ति को सुनिश्चित करने से सम्बंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की गयी। कोयला प्रेषण बढ़ाने तथा उपभोक्ता संतुष्टि सुनिश्चित करने से संबंधित मुद्दों पर सार्थक चर्चा हुई।

ज्ञात हो कि सीसीएल देश की ऊर्जा आवश्यकता की पूर्ति हेतु कृतसंकल्पित है। इसलिए सभी उपभोक्ताओं को समय पर पर्याप्त कोयले का प्रेषण सीसीएल की प्राथमिकता है।

उक्त बैठक के पश्चात् श्रीमती तेज ने कोयला उपभोक्ताओं के साथ एक अन्य बैठक में बातचीत की।



समीक्ष बैठक का एक दृश्य

# उत्कृष्ट सीएसआर योजनाओं के लिए सीसीएल पुरस्कृत

सीसीएल ने नई दिल्ली में आईएचडब्ल्यू परिषद (IHW Council) द्वारा आयोजित "8वें सीएसआर हेल्थ इम्पैक्ट अवार्ड" ("8th Health Impact Award") में 3 पुरस्कार जीते। सीसीएल के अधिकारीगणों ने यह पुरस्कार पूर्व केंद्रीय मंत्री श्री अश्विनी कुमार चौबे के हाथों प्राप्त किया। सीसीएल ने निम्न तीन श्रेणियों :

वर्ष की सबसे नवीन सीएसआर परियोजना (Most Innovative CSR Project of the Year) में स्वर्ण, सीएसआर खेल संवर्धन परियोजना (CSR Sports Promotion Project) में स्वर्ण एवं सीएसआर सतत आजीविका परियोजना (CSR Sustainable Livelihood Project) में कांस्य पुरस्कार जीता।




आईएचडब्ल्यू परिषद द्वारा आयोजित "8वें सीएसआर हेल्थ इम्पैक्ट अवार्ड" के दौरान पुरस्कार के साथ सीसीएल के अधिकारीगण

सीसीएल हितधारकों के सर्वांगीण विकास के लिए कृतसंकल्पित है। कंपनी शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल एवं सतत विकास को समर्पित कई पहलों का सफलता पूर्वक संचालन करते हुए राष्ट्र की ऊर्जा अवश्यकताओं की पूर्ती करते हुए प्रगति पथ पर अग्रसर है।

# "सार्वजनिक परिसर अधिनियम, 1971 – मुद्दे और चुनौतियाँ" पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित

मानव संसाधन विकास विभाग ने सतर्कता विभाग के सहयोग से "सार्वजनिक परिसर अधिनियम, 1971 – मुद्दे और चुनौतियाँ" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 07 अगस्त को किया। उद्घाटन सत्र में श्री पंकज कुमार, सीवीओ सीसीएल, और श्री एसके झा, जीएम (भूमि और राजस्व) सीसीएल उपस्थित थे, जिन्होंने प्रतिभागियों को प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरक भाषण दिए। श्री आरके पांडे, महाप्रबंधक (एचआरडी) ने प्रतिभागियों का स्वागत किया और कोयला उत्पादन से संबंधित विषय के महत्व पर प्रकाश डाला।



मानव संसाधन विकास विभाग एवं सतर्कता विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सार्वजनिक परिसर अधिनियम, 1971 – मुद्दे और चुनौनियाँ" विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का एक दृश्य

कार्यशाला में अंतिम सत्र में सीसीएल के पैनल अधिवक्ता श्री बीके पांडे के साथ पैनल चर्चा शामिल थी। विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिभागियों ने कई मुद्दे उठाए, जिन्हें श्री बीके पांडे और श्री आरके पांडे, जीएम (एचआरडी) ने संबोधित किया।

कार्यशाला में कुल 32 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

इस कार्यशाला का उद्देश्य प्रतिभागियों को सार्वजनिक परिसर अधिनियम, इसके महत्व और कोयला उत्पादन के संदर्भ में इसके कार्यान्वयन से जुड़ी चुनौतियों की व्यापक समझ प्रदान करना है।

# सीसीएल मे विधिक मामलों के प्रबंधन हेतु एक सॉफ्टवेयर लॉन्च

## सीएमडी श्री नीलेन्दु कुमार सिंह द्वार इस सॉफ्टवेयर को लॉन्च किया गया



विधिक मामलों के प्रबंधन हेतु सॉफ्टवेयर लॉन्च करते सीएमडी श्री निलेन्दु कुमार सिंह

दिनांक 05 अगस्त सीएमडी सीसीएल श्री नीलेन्दु कुमार सिंह द्वारा न्यायालयीन मामलों के प्रबंधन के लिए एक सॉफ्टवेयर लिटिगेशन मैनेजमेंट सिस्टम (एलएमएस) लॉन्च किया गया। अवसर विशेष पर निदेशक (वित्त) श्री पवन कुमार मिश्रा, सीवीओ श्री पंकज कुमार, महाप्रबंधक (सिस्टम) श्री विनय एस महाराज, विभागाध्यक्ष (विधि ) श्री वी पी जोबी, और सीसीएल के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। एलएमएस प्रबंधन को लंबित मुकदमों की निगरानी करने में सुगमता प्रदान करेगा ।इस साफ्टवारे से लंबित न्यायलीन मामलों के आवश्यक कार्रवाई के लिए दी गई समयसीमा समाप्त होने पर डीलिंग अधिकारियों और उनके रिपोर्टिंग अधिकारियों को स्वचालित एसएमएस रिमाइंडर प्राप्त हो जाएगा। एलएमएस की रिपोर्ट में लंबित कार्रवाइयों का भी पता चल जाएगा। इस प्रणाली के प्रयोग से न्यायालयीन मामलों के निष्पादन मे और तेजी आएगी ।

यह कोल इंडिया लिमिटेड में विधिक मामलों के प्रबंधन हेतु अपनी तरह का पहला सॉफ्टवेयर है। निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन में इसे सीसीएल के सिस्टम विभाग और विधि विभाग के संयुक्त प्रयास से सीसीएल द्वारा ही विकसित किया गया है ।

ज्ञात हो की सीसीएल द्वारा समय– समय पर आधुनिक नवाचारों एवं एवं तकनीकों का प्रयोग कर त्वरित एवं प्रभावी कार्य –निष्पादन पर जोर दिया जाता है।

# "वेब्रिज जागरूकता सप्ताह" व्यापक निरीक्षण अभियान का शुभारंभ

कोयला मंत्रालय और कोल इंडिया के मार्गदर्शन में सीसीएल के सतर्कता विभाग ने सभी कमांड क्षेत्रों में "वेब्रिज जागरूकता सप्ताह" नामक एक व्यापक निरीक्षण अभियान शुरू किया।

8 अगस्त से 14 अगस्त, 2024 तक चलने वाली इस पहल का उद्देश्य सड़क के तौल पुलों के उचित संचालन और रखरखाव के बारे में अधिकारियों, कर्मचारियों और हितधारकों को जागरूक करना है। पूरे सप्ताह के दौरान, परिचालन मानकों और रखरखाव प्रोटोकॉल के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए सीसीएल के कमांड क्षेत्रों में 171 तौल पुलों का निरीक्षण किया जाएगा।

जागरूकता अभियान में तौल पुलों के संचालन और रखरखाव के सभी पहलुओं को शामिल किया जाएगा, जिसका उद्देश्य निष्पक्ष और पारदर्शी संचालन के लिए अपनाई जाने वाली प्रथाओं के बारे में जागरूकता पैदा करना है।

गौरतलब है कि कोयला कंपनियों में वे ब्रिज एक महत्वपूर्ण उपकरण है जिसका उपयोग कोयला ले जाने वाले लोडेड और खाली वाहनों के वजन को मापने के लिए किया जाता है। यह प्रणाली परिवहन किए गए कोयले का सटीक माप सुनिश्चित करने में मदद करती है जिससे परिवहन नियमों का अनुपालन सुनिश्चित किया जा सकता है और इन्वेंट्री को प्रभावी ढंग से प्रबंधित किया जा सकता है।

वेब्रिज कोयला कंपनियों की परिचालन दक्षता के लिए अभिन्न अंग हैं, यह सुनिश्चित करता हैं कि सभी कोयला का लेनदेन सही तरीके से दर्ज की जाएं और गलत माप के कारण संभावित वित्तीय नुकसान को रोका जाएँ।

इस तरह सीसीएल न केवल देश की ऊर्जा जरूरतों को सुनिश्चित कर रहा है, बल्कि कोयले के उचित संचालन, परिचालन मानक और रखरखाव प्रोटोकॉल के अनुपालन को सुनिश्चित करते हुए सतत विकास को बढ़ावा दे रहा हैं।

# राजभाषा में तकनीकी प्रयोग पर दो–दिवसीय कार्यशाला का आयोजन




राजभाषा में तकनीकी प्रयोग पर आयोजित दो–दिवसीय कार्यशाला को संबोधित करते निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र

विगत 12 अगस्त को सी.सी.एल. मुख्यालय, राँची स्थित प्रकाश हॉल में राजभाषा में तकनीकी प्रयोग पर आयोजित दो–दिवसीय कार्यशाला की शुरुआत हुई, जिसका मुख्य विषय 'उच्चस्तरीय एमएस ऑफिस व कृत्रिम मेधा' था। कार्यशाला का उद्घाटन सीसीएल के निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र ने किया। कार्यशाला के प्रशिक्षक के रूप में रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के पूर्व मुख्य प्रबंधक, एडवांस माइक्रोसॉफ्ट के विशेषज्ञ श्री ओम प्रकाश अग्रवाल थे।इस कार्यशाला में मुख्यालय एवं विभिन्न क्षेत्रों के कार्मिकों ने भाग लिया।

अवसर विशेष पर निदेशक (कार्मिक) श्री हर्ष नाथ मिश्र ने अपने संबोधन में कहा कि ऑफिस के साथ–साथ दैनिक जीवन में भी कंम्प्यूटर की अनिवार्यता हो गयी है। उन्होंने आगे कहा कि आज का कार्यशाला इसलिए भी महत्वपूर्ण है कि बेहतर तकनीक के साथ राजभाषा को आगे बढ़ाने का दायित्व हम सभी पर है। हम सभी 'क' क्षेत्र में आते हैं। इस कार्यशाला से भरपूर लाभ लेने का प्रयास करें और अपने साथी कर्मी से भी इस ज्ञान को साझा करें, तभी इस कार्यशाला का उद्देश्य सही रूप में पूरा होगा।

कार्यशाला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए महाप्रबंधक (अ.स्था./राजभाषा) श्री संजय ठाकुर ने कहा कि हमारे दैनिक कार्यनिष्पादन में एमएस वर्ड, एक्सेल से संबंधित जो भी समस्या आती है वह इस कार्यशाला से निश्चय ही हल हो सकता है।

मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता श्री ओम प्रकाश अग्रवाल ने प्रतिभागियों को कंम्प्यूटर के नवीनतम तकनीक विशेषकर एम एस वर्ड को बहुत ही बारीकी रूप से समझाया ।



राजभाषा में तकनीकी प्रयोग पर आयोजित दो–दिवसीय कार्यशाला का एक दृश्य

कार्यशाला का आयोजन महाप्रबंधक (अधि.स्था./राजभाषा) श्री संजय ठाकुर, श्री दिविक दिवेश, श्री बलिराम सिंह एवम अन्य के सक्रिय सहयोग से किया गया।

# सीसीएल के हितधारकों एवं श्रद्धालुओं को समर्पित एक मासीय निःशुल्क चिकित्सा शिविर का समापन

## 1,00,000 से ज्यादा लोगों ने लिया निःशुल्क चिकित्सा का लाभ




श्रावणी मेला के अवसर पर दुम्मा में आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में उपचार कराती एक श्रद्धालु

सीसीएल ने बिहार–झारखंड की सीमा पर स्थित दुम्मा में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर के माध्यम से क्षेत्र के हजारों लोगों को जीवन रेखा प्रदान की है। श्रावणी मेले के अवसर पर आयोजित यह शिविर ग्रामीणों, हितधारकों और श्रमिकों के लिए आशा की किरण बन गया है। यह लगातार दसवाँ वर्ष है जब सीसीएल बिहार–झारखंड की सीमा पर स्थित पवित्र स्थल पर आने वाले हजारों तीर्थयात्रियों की सेवा की।

21 जुलाई, 2024 से शुरू हुए इस शिविर में धार्मिक समागम के उत्साह के बीच श्रद्धालुओं के लिए स्वास्थ्य जाँच एवं उपचार का एक लोकप्रिय केंद्र बन गया था।

गिरिडीह, ढोरी और बीएंडके सहित सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के चिकित्सकों की एक समर्पित टीम को अनेक प्रकार की सेवाएँ प्रदान करने के लिए तैनात किया गया था। ब्लड प्रेशर और शुगर लेवल की नियमित जाँच से लेकर विशेषज्ञ फिजियोथेरेपी सत्र तक, शिविर तीर्थयात्रियों की विविध स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करता रहा। सभी के लिए उपचार सुलभ हो सके, इसके लिए निःशुल्क दवाएँ भी वितरित की गईं।

चिकित्सा सेवाओं से परे, शिविर काँवरियों के लिए आराम का स्थान बन गया था। जिसमें शुद्ध पेयजल और ताजा चाय इत्यादि का प्रबंध भी किया गया था। इसके अलावा भी थके हुए श्रद्धालुओं के मांसपेशियों को आराम देने और असुविधा दूर करने के लिए शिविर में मुफ्त मालिश की सुविधा भी उपलब्ध थी।

गिरिडीह क्षेत्र के सीएमओ डॉ. परिमल सिन्हा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी (ढोरी) डॉ. सुधांशु शर्मा और बीएंडके क्षेत्र के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. शंकर प्रसाद के कुशल मार्गदर्शन में, चिकित्सा टीम तीर्थयात्रियों के कल्याण के लिए लगातार काम किया।

महाप्रबन्धक (गिरिडीह) श्री बासब चौधरी ने सीसीएल की समुदाय के प्रति लंबे समय से चली आ रही प्रतिबद्धता पर गर्व व्यक्त किया। उन्होंने कहा, "हम 2014 से सावन के महीने में दुम्मा में निःशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित कर रहे हैं। यह देखकर खुशी होती है कि हमने इस एक महीने में 1 लाख से अधिक तीर्थयात्रियों और हितधारकों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव डाला है।"

सीसीएल सीएमडी श्री नीलेन्दु कुमार सिंह के दूरदर्शी नेतृत्व में यह स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। ये पहल कंपनी के व्यापक सामाजिक कल्याण विजन का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य क्षेत्र के समावेशी विकास में योगदान देना है।

दुम्मा में सीसीएल का चिकित्सा शिविर केवल एक स्वास्थ्य पहल से कहीं अधिक है, यह कंपनी के अपने हितधारकों के कल्याण के प्रति समर्पण और एक जिम्मेदार कंपनी के रूप में इसकी भूमिका का प्रतीक है। यह शिविर 20 अगस्त, 2024 को समाप्त हुआ। कंपनी की स्वास्थ्य सेवा के प्रति प्रतिबद्धता को लाभार्थियों एवं हितधारकों ने खूब सराहा है।

# आईटी पहल पर प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित

मानव संसाधन विकास विभाग ने सतर्कता विभाग के सहयोग से आईटी पहल पर तीन दिवसीय (21.08.2024 से 23.08.2024) प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण (Training & Capacity Building) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में श्री पंकज कुमार, सीवीओ सीसीएल, और श्री एके सिंह ने भाग लिया, जिन्होंने प्रतिभागियों को प्रेरित और प्रोत्साहित करने के लिए प्रेरक भाषण दिए। श्री आर के पांडे, जीएम (एचआरडी) ने कार्यक्रम के लिए सकारात्मक माहौल तैयार करते हुए प्रतिभागियों का स्वागत किया।



आईटी पहल पर आयोजित क्षमता निर्माण कार्यक्रम में विस्तार से चर्चा करते सीवीओ श्री पंकज कुमार

कार्यक्रम में मुख्यालय और क्षेत्रों से कुल 40 प्रतिभागियों ने भाग लिया। सत्र के दौरान शामिल मुख्य विषयों में शामिल हैं :

- आरएफआईडी प्रणाली
- माल खरीद से संबंधित एसएपी
- सीसीटीवी निगरानी प्रणालियों में एआई का उपयोग
- रेलवे साइडिंग के लिए नई नवोन्मेषी प्रणालियाँ
- एमपीएलएस और एचडी _ वैन

प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को गुड्स प्रोक्योरमेंट, सीसीटीवी सर्विलांस सिस्टम, वेब्रिज (एनालॉग और डिजिटल), कमांड कंट्रोल सिस्टम, रेलवे साइडिंग के लिए अभिनव प्रणाली आदि कई विषयों को शामिल किया गया। प्रतिभागियों को रेलटेल (Railtel) और सीपी–प्लस (CP–Plus) के उद्योग विशेषज्ञों द्वारा स्पेक्ट्रम के कार्यों के बारे में विस्तार से साझा किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य आईटी पहलों के बारे में प्रतिभागियों की समझ को बढ़ाना, नवीनतम तकनीकों और प्रणालियों पर ध्यान केंद्रित करना है जो विभिन्न परिचालन क्षेत्रों में दक्षता और सुरक्षा में सुधार करेंगे।

# 'द आर्ट ऑफ लिविंग' पर एक कार्यक्रम आयोजित

मानव संसाधन विकास विभाग, सीसीएल द्वारा 29 से 31 अगस्त, 2024 तक जवाहरनगर क्लब, राँची में वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों के लिए 'द आर्ट ऑफ लिविंग' पर एक कॉर्पोरेट कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

कार्यक्रम का उद्घाटन सत्र 29 अगस्त, 2024 को आयोजित किया गया था। जिसमें श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदेशक (कार्मिक) और श्री सतीश झा, निदेशक (तकनीकी/योजना एवं परियोजना), सीसीएल की गौरवमय उपस्थिति रही। गणमान्यों ने सभी प्रतिभागियों को 'द आर्ट ऑफ लिविंग' पर अयोजित इस कार्यक्रम की महत्ता एव दैनिक क्रिया–कलापों में इसकी उपयोगिता के विषय पर संबोधित किया।




'द आर्ट ऑफ लिविंग' कार्यक्रम में उपस्थित निदे. (का.) श्री हर्ष नाथ मिश्र, निदे. (तक./यो. एवं परि.) श्री सतीश झा एवं अन्य



'द आर्ट ऑफ लिविंग' कार्यक्रम का एक दृश्य

इस तीन दिवसीय कार्यक्रम का संचालन आर्ट ऑफ लिविंग कॉर्पोरेट कार्यक्रमों से आये राष्ट्रीय ख्याति के दो प्रतिष्ठित वक्ता सुश्री शिवानी शिवहरे और श्री श्रीजीत केसी द्वारा किया गया। श्री आर.के. पांडे, महाप्रबंधक (मानव संसाधन विकास) ने कार्यक्रम की शुरुआत में सभी गणमान्य व्यक्तियों और वक्ताओं का स्वागत किया।

कार्यक्रम मंच का संचालन श्रीमती कविता कुमारी, प्रबंधक (कार्मिक/मानव संसाधन विकास) द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के 25 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

# सीसीएल से सेवानिवृत्त हो रहे कर्मियों को दी गई भावभीनी विदाई




सम्मान–सह–विदाई समारोह का एक दृश्य

सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत कुल 5 कर्मी – सर्वश्री/श्रीमती श्यामल घोष, महाप्रबंधक (सीपी), वाशरी कंस्ट्रक्शन विभाग, डॉ. सुशील कुमार, सीएमएस, गांधीनगर अस्पताल, संजय कुमार, मुख्य प्रबंधक (उत्खनन), योजना एवं परियोजना विभाग, स्वीटी भेंगरा, कार्यालय अधीक्षक–ए, एनईई (लेखा) विभाग, राजेश कुमार सिंह, अकांउटेंट–ए, वित्त (मुख्यालय) विभाग को दिनांक 31 अगस्त को सीसीएल परिवार की ओर से मुख्यालय में "सम्मान समारोह" का आयोजन कर उनके सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। अगस्त माह में मुख्यालय सहित पूरे सीसीएल से 75 कर्मी सेवानिवृत्त हुए जिन्हें 31 अगस्त को ससम्मान विदाई दी गई।

इस अवसर पर सेवानिवृत्त कर्मियों के कार्यानुभवों पर एक शॉर्ट फिल्म (विडियो क्लिप) 'सम्मान समारोह' के दौरान प्रदर्शित किया गया। सेवानिवृत्त कर्मियों ने कंपनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि वे कंपनी निरंतर नयी उँचाईयों को छू रही है और हम इसके उत्तरोत्तर विकास की कामना करते हैं।

निदेशक (कार्मिक), श्री हर्ष नाथ मिश्र ने अपने संबोधन में सीसीएल परिवार की ओर से उपस्थित वरिष्ठतम सेवानिवृत्त कर्मियों का अभिनंदन एवं स्वागत किया और कहा कि आप सभी का योगदान अपने–अपने कार्यक्षेत्र में सराहनीय रहा है। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों के सपरिवार सुखी, स्वस्थ्य जीवन की कामना की।

इस अवसर पर सीसीएल मुख्यालय के विभिन्न विभागों के महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष एवं सेवानिवृत्त कर्मियों के परिजन उपस्थित थे। मंच का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन मुख्य प्रबंधक (कल्याण) श्रीमती केया मुखर्जी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग के कर्मियों एवं अन्य विभागों का विशेष योगदान रहा।

**अगर जीवन में सफलता प्राप्त करनी है तो मेहनत पर विश्वास करें!**
**किस्मत की आजमाईश तो जुए में होती है...**

# सोशल मीडिया में सीसीएल

**Central Coalfields Limi... · 15/08/24**

Independence Day celebrated with great enthusiasm at CCL !
Shri Nilendu Kumar Singh, CMD, CCL hoisted the national flag at Gandhinagar stadium & was accorded a ceremonial guard of honour. Inspiring cultural programs & employee felicitations added to the fervour of the program. Show more



**Central Coalfields Limi... · 07/08/24**

Central Coalfields Limited (CCL) was honoured with 'Best Corporate' Award for Pioneering TB Eradication Efforts.
The award is in recognition to company's invaluable contributions as a 'Nikshay Mitra', a significant step towards eliminating tuberculosis (TB).

The award was Show more



1 10 28 607

**Central Coalfields Limi... · 03/08/24**

CCL bagged 3 awards in the "8th CSR HEALTH IMPACT AWARDS" organized at New Delhi on 02.08.2024 conferred by Shri Ashwini Kumar Choubey, Ex Minister of State, GoI in the categories.

Most innovative CSR project of the year : Gold

CSR sports promotion Project: Gold

CSR Show more




**Central Coalfields Limi... · 16/08/24**

Breaking Barriers !!

*Ms Akanksha Kumari* the trailblazing mining engineer of CCL, is the first female mining engineer in CIL to work in an underground mine. She is currently posted in Churi UG in NK area of CCL.

An encouraging moment to recognise the contributions of power Show more




**Central Coalfields Limited**
@CCLRanchi

हजारीबाग क्षेत्र के बसंतपुर पंचायत में सीसीएल द्वारा क्षेत्र की महिलाओं को निशुल्क मशरूम प्रशिक्षण दिया गया था । आज दिनांक 30.08.2024 को मशरूम प्रशिक्षण प्राप्त महिलाओं के लिए केदला वाशरी , हजारीबाग के गेट के बाहर एक स्टॉल का उद्घाटन किया गया।
इस स्टॉल को 2 समूह की महिलाएं चलाएंगी तथा मशरूम से बने व्यंजन यहां से बेचेंगी और अपना जीविकोपार्जन करेंगी।
नारी वंदन और स्वावलंबन की दिशा में सीसीएल का यह प्रयास निश्चित रूप से समाज को एक नई दिशा देगा।
सादर
सीसीएल परिवार

Translate post




(आंतरिक वितरण हेतु सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित)
सम्पादक : आलोक कुमार, विभागाध्यक्ष, सीसी एंड पीआर विभाग ● सहायक सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, उप प्रबंधक (सीसी एंड पीआर), मयंक कश्यप, उप प्रबंधक (सीडी), मनीष कुमार तिवारी, एमटी, बिट्टू कुमार, एमटी, सीसी एंड पीआर विभाग